(a) शुष्क पश्चिमी मैदान
(b) अति शुष्क आंशिक सिंचित क्षेत्र
(c) आंतरिक प्रवाह का शुष्क क्षेत्र
(d) उप आर्द्र दक्षिणी मैदान

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (b) : राजस्थान को कुल 10 कृषि-जलवायु क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। राजस्थान का सबसे बड़ा कृषि जलवायु प्रदेश अति शुष्क मैदानी पश्चिमी क्षेत्र (IC) है, जो जैसलमेर, बीकानेर और चुरु जिले में विस्तृत है। इस क्षेत्र की औसत वर्षा 100-350 मिमी. है।

8. निम्नांकित में से कौनसा (स्थलाकृति - अवस्थिति) सही सुमेलित नहीं है?
(a) उड़िया पठार - मा. आबू
(b) भारक - पूर्वी सिरोही
(c) लसाड़िया पठार - राजसमन्द
(d) भोराट पठार - कुम्भलगढ़ से गोगुन्दा के मध्य

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (c) : सही सुमेलन इस प्रकार है -

उड़िया पठार	-	माउंट आबू
भाकर	-	पूर्वी सिरोही
लसाड़िया पठार	-	राजसमन्द झील और उदयपुर के मध्य
भोराट पठार	-	कुम्भलगढ़ से गोगुन्दा के मध्य

9. राजस्थान के कितने जिलों में थार रेगिस्तान फैला हुआ है?
(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 12

LDC Exam 09.09.2018

Ans. (d) थार रेगिस्तान का विस्तार राजस्थान के 12 जिलों- बाड़मेर, जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, जालौर, पाली, नागौर, चुरू, झुंझनूं और सीकर जिलों में है। थार मरूस्थल विश्व का सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला मरूस्थल है।

10. राजस्थान राज्य की सीमा को स्पर्श करने वाले भारतीय राज्यों की संख्या है-
(a) 3 (b) 5
(c) 6 (d) 8

पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) राजस्थान के पाँच पड़ोसी राज्य है- पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं गुजरात।

11. राजस्थान का दक्षिणतम अक्षांश क्या है?
(a) 23°31' दक्षिणी (b) 23°30' दक्षिणी
(c) 23°3' उत्तरी (d) 23°30' उत्तरी

पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III परीक्षा तिथि:19-09-2020

Ans. (c) राजस्थान का दक्षिणतम अक्षांश 23°3' उत्तरी है। राजस्थान भारत के पश्चिमी भाग में 23°3' उत्तरी अक्षांश से 30°12' उत्तरी अक्षांश के मध्य तथा 69°30' पूर्वी देशांतर से 78°17' पूर्वी देशांतर के मध्य स्थित है। इसका उत्तर से दक्षिण का विस्तार 826 किमी तथा पूर्व से पश्चिम का विस्तार 869 किमी है। राजस्थान राज्य का क्षेत्रफल लगभग 3,42,239 वर्ग किमी है।

12. राजस्थान का सर्वोच्च पठार है-
(a) मेसा (b) हाड़ोती
(c) भोराट (d) उड़िया

कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022

Ans. (d) : राजस्थान का सर्वोच्च पठार उड़िया पठार (1360 मी.) है। यह सिरोही जिले में स्थित है।

13. अनुप्रस्थ बालुका टीले राजस्थान के किन जिलों में मिलते हैं?
(a) बीकानेर-गंगानगर (b) जोधपुर-बाड़मेर
(c) जालौर-पाली (d) जोधपुर-नागौर

कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022

Ans. (a) : अनुप्रस्थ बालुका टीले राजस्थान के बीकानेर-गंगानगर जिले में मिलते हैं। रेत के टीले हवा की दिशा में समकोण पर उन्मुख लम्बी-लम्बी लकीरों के रूप में बनते हैं। जिन्हें अनुप्रस्थ टिब्बा के रूप में जाना जाता है।

14. राजस्थान की स्थलीय सीमाएँ कितने किलोमीटर लंबी है?
(a) 1070 (b) 869
(c) 826 (d) 5920

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (भौतिक) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (d) राजस्थान की स्थलीय सीमा की लम्बाई 5920 किलोमीटर है। इसमें 1070 किमी पाकिस्तान से लगती है और 4850 की सीमा हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश एवं गुजरात राज्यों से लगती है।

15. राजस्थान का क्षेत्रफल भारत के कुल क्षेत्रफल का ------- प्रतिशत है।
(a) 9.95% (b) 10.55%
(c) 10.41% (d) 11.45%

RPSC College Lecturer 31-10-2018

Ans. (c) : राजस्थान का क्षेत्रफल 342239 वर्ग किमी. है जो भारत के कुल क्षेत्र का 10.41 प्रतिशत है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह भारत का सबसे बड़ा राज्य है। राजस्थान की उत्तर से दक्षिण लम्बाई 826 किमी. तथा पूर्व से पश्चिम लम्बाई 869 किमी. है। राजस्थान का सबसे बड़ जिला जैसलमेर तथा सबसे छोटा जिला धौलपुर है।

16. क्षेत्रफल की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन-सा राजस्थान के बाद सबसे बड़ा राज्य है?
(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश
(c) आन्ध्र प्रदेश (d) महाराष्ट्र

कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) क्षेत्रफल की दृष्टि से राज्यों का क्रम- राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश।

17. निम्नांकित में से कौन सी पर्वत चोटियाँ उनकी ऊँचाई के अवरोही क्रम में सही है?
(a) अचलगढ़, जरगा, देलवाड़ा व सेर
(b) सेर, देलवाड़ा, जरगा व अचलगढ़
(c) दिलवाड़ा, जरगा, सेर व अचलगढ़
(d) जरगा, सेर, देलवाड़ा व अचलगढ़

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022